# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः 12.09.2025

थाना जमालपुर पुलिस टीम द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित ₹ 20 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार—

“सोमेन बर्मा” वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं इनामिया/पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना जमालपुर पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांक 12.09.2025 को थाना जमालपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष अमित कुमार मय पुलिस टीम द्वारा थाना जमालपुर क्षेत्र से थाना चुनार पर पंजीकृत मु0अ0सं0--230/2025 धारा-3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर अधिनियम के अभियोग से सम्बन्धित ₹ 20 हजार के इनामिया अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र स्व0 गरीब निवासी महगांव थाना राजातलाब जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। थाना जमालपुर पुलिस द्वारा उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

पंजीकृत अभियोग –

1. मु0अ0सं0--240/2025 धारा-3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर अधिनियम थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त—

अनिल कुमार पुत्र स्व0 गरीब निवासी महगांव थाना राजातलाब जनपद वाराणसी।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

थानाध्यक्ष- अमित कुमार मय पुलिस टीम थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर।


महिलाओं के विधिक अधिकार

************